| |
|---|
| दिनांक 20.01.2026 |
| प्रेस विज्ञप्ति 42/2026 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

## पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 द्वारा जनपद फिरोजाबाद के ''नवीन आदर्श थाना दक्षिण'' का वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से किया गया लोकार्पण

- **नवनिर्मित थाना भवन आधुनिक, नागरिक–अनुकूल और प्रभावी पुलिसिंग की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।**
- **थाना नागरिक और पुलिस के बीच विश्वास का पहला केन्द्र है, जहाँ बेहतर वातावरण से सेवा की गुणवत्ता बढ़ती है।**
- **50–60 हजार नए आरक्षियों के आगमन से पूर्व इन्फ्रास्ट्रक्चर और मैनपावर का संतुलित नियोजन अनिवार्य है।**
- **नागरिक जब थाने पर आता है तो वह सिर्फ शिकायत लेकर नहीं आता–वह उम्मीद लेकर आता है। हमें उनकी उम्मीदों पर खरे उतरना है।**
- **नवीन आदर्श थाना दक्षिण भविष्य के सभी थानों के लिए एक मॉडल के रूप में कार्य करेगा।**

**(पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0)**

मा0 मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश **श्री योगी आदित्यनाथ जी** की शीर्ष प्राथमिकताओं के क्रम में **श्री राजीव कृष्ण**, पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 के मार्गदर्शन में आज दिनांकः 20.01.2026 को जनपद फिरोजाबाद के नवनिर्मित ''**आदर्श थाना दक्षिण**'' का वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से लोकार्पण किया गया।

**नवनिर्मित थाने की प्रमुख विशेषतायें:–**

- थाना क्षेत्र लगभग 85 वर्ग किमी में फैला है, जनसंख्या लगभग 5 लाख है, जिसमें 6 चौकियाँ, 22 मंदिर, 33 मस्जिद, 17 बैंक एवं 14 इंटर कॉलेज सम्मिलित हैं। कुल पुलिस बल 79 है।
- नवनिर्मित जी+3 थाना भवन में कार्यालय, मिशन शक्ति केन्द्र, साइबर हेल्प डेस्क, विवेचना कक्ष, बंदी गृह, बैरक, भोजनालय, सभागार, व्यायामशाला एवं पर्याप्त आवासीय सुविधाएँ उपलब्ध हैं।
- मिशन शक्ति केन्द्र, महिला कर्मियों हेतु क्रेच रूम एवं महिला–सुरक्षा से संबंधित विशेष व्यवस्थाएँ की गई हैं।
- दंगा नियंत्रण हेतु आधुनिक एंटी–राइट उपकरण तथा साइबर अपराधों से निपटने हेतु पूर्णतः सुसज्जित साइबर हेल्प डेस्क स्थापित किया गया है।

- पुलिस कल्याण, पृथक बैरक, भोजनालय, प्रशिक्षण हेतु प्रोजेक्टर युक्त सभागार तथा कुल 180 पुलिसकर्मियों के आवास की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।

**पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश द्वारा** कार्यक्रम में उपस्थित **श्रीमती अनुपम कुलश्रेष्ठ**, अपर पुलिस महानिदेशक, आगरा जोन, **श्री शैलेश पाण्डेय**, पुलिस उपमहानिरीक्षक आगरा परिक्षेत्र, **श्री सौरभ दीक्षित**, पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद, कार्यदायी संस्था C&DS के प्रतिनिधिगण, जनपद फिरोजाबाद के अपर पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारीगण/थाना प्रभारीगण एवं पुलिस कर्मियों को संबोधित करते हुए कहा गया कि–

उद्‌घाटन के दौरान दिखाई गयी वॉकथ्रू फिल्म देखकर यह स्पष्ट होता है कि उत्तर प्रदेश पुलिस ने इन्फ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में बीते वर्षों में एक महत्वपूर्ण परिवर्तनकारी यात्रा तय की है। 25–30 वर्ष पूर्व जिन सुविधाओं की कल्पना भी कठिन थी, वे आज हमारे थानों की वास्तविकता बन चुकी हैं।

थाना केवल एक प्रशासनिक इकाई नहीं, बल्कि नागरिक और पुलिस के बीच विश्वास का पहला केन्द्र होता है। नागरिक जब यहाँ आता है, तो वह केवल शिकायत नहीं, बल्कि उम्मीद लेकर आता है। अच्छा इन्फ्रास्ट्रक्चर, सुव्यवस्थित कार्यक्षेत्र और सकारात्मक वातावरण–यही बेहतर पुलिसिंग की आधारशिला है।

माननीय मुख्यमंत्री जी ने पुलिस इन्फ्रास्ट्रक्चर को राज्य की शीर्ष प्राथमिकताओं में रखा है। इसी का परिणाम है कि आज थानों, सीओ कार्यालयों और प्रशिक्षण परिसरों का स्वरूप पूरी तरह बदल रहा है।

आने वाले समय में 50 से 60 हजार नए आरक्षी हमारी फोर्स में सम्मिलित होंगे। यह आवश्यक है कि उनके आगमन से पूर्व–

- इन्फ्रास्ट्रक्चर पर्याप्त हो,
- कार्य–विभाजन स्पष्ट हो,
- और मैनपावर का संतुलित व वैज्ञानिक उपयोग सुनिश्चित किया जाए।

आज पुलिसिंग केवल पेट्रोलिंग तक सीमित नहीं है। साइबर क्राइम, मिशन शक्ति, CCTNS और डिजिटल सुपरविजन ने हमारे कार्य को बहुआयामी बना दिया है। इसीलिए फील्ड और ऑफिस–दोनों स्तरों पर 75–80 प्रतिशत फील्ड तथा 15–20 प्रतिशत ऑफिस बल का संतुलन बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है।

नवनिर्मित थाना दक्षिण एक उत्कृष्ट मॉडल है। पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 द्वारा कार्यदायी संस्था C&DS को उच्च गुणवत्ता और समयबद्ध निर्माण के लिए विशेष रूप से बधाई देते हुये कहा कि इस थाने के डिजाइन, बजट और संसाधनों का विवरण भविष्य के सभी थानों के लिए एक बेस मॉडल बने–यह हमारी अपेक्षा है।

पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 द्वारा संबोधन के अंत में कहा कि–यह भवन केवल ईंट–पत्थर नहीं है, ये हमारी भविष्य की पुलिसिंग की दिशा है। इनका सही रख–रखाव, इनका प्रभावी उपयोग, और प्रत्येक कर्मी की क्षमता का पूर्ण सदुपयोग–यही हमारी सबसे बड़ी उपलब्धि होगी।


मुख्यालय
पुलिस महानिदेशक
उत्तर प्रदेश, लखनऊ
PREMIER
थाना दक्षिण - फिरोजाबाद

| |
|---|
| दिनांक 20.01.2026 |
| प्रेस विज्ञप्ति 43 / 2026 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

## तीन प्रमुख इकाइयों को प्राप्त वर्ष 2025 का प्रतिष्ठित Skoch Award पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 को सौंपा गया

पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश **श्री राजीव कृष्ण** को आज दिनांक 20.01.2026 को उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड, महाकुम्भ 2025 में स्थापित इंटीग्रेटेड कमांड एण्ड कंट्रोल सेंटर ICCC तथा सोशल मीडिया सेंटर के "Meta Suicidal Alert" द्वारा प्राप्त **Skoch Award** औपचारिक रूप से सौंपा गया।

1. **उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड** को प्राप्त स्कॉच अवॉर्ड श्री एसशिरोडकर .बी. पुलिस महानिदेशक, पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में प्रस्तुत किया गया। यह सम्मान बोर्ड द्वारा अपनाई गई पारदर्शी, निष्पक्ष एवं तकनीक आधारित भर्ती प्रक्रिया के लिए प्रदान किया गया।
2. **महाकुम्भ 2025 के दौरान स्थापित इंटीग्रेटेड कमांड एण्ड कंट्रोल सेंटर ICCC** को प्राप्त स्कॉच अवॉर्ड श्री अमित कुमार, सेनानायक 35वीं वाहिनी पीएसी, लखनऊ द्वारा प्रस्तुत किया गया। यह अवॉर्ड महाकुम्भ जैसे विशाल आयोजन में सुरक्षा, निगरानी एवं समन्वय हेतु आधुनिक तकनीक के प्रभावी उपयोग के लिए प्रदान किया गया।
3. **सोशल मीडिया सेंटर के** "Meta Suicidal Alert" को प्राप्त स्कॉच अवॉर्ड श्री राहुल श्रीवास्तव, पुलिस महानिदेशक के जनसम्पर्क अधिकारी/प्रभारी सोशल मीडिया द्वारा प्रस्तुत किया गया। यह परियोजना सोशल मीडिया के माध्यम से त्वरित सूचना संकलन, निगरानी एवं समयबद्ध पुलिस प्रतिक्रिया के क्षेत्र में एक अभिनव पहल के रूप में सराही गई।

**पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0** ने इन सभी अवॉर्ड्स को ग्रहण करते हुए कहा कि यह सम्मान उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा अपनाई जा रही आधुनिक, तकनीक-सक्षम एवं जन-केंद्रित कार्यप्रणाली का प्रतिफल है। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों की टीम भावना, परिश्रम एवं नवाचार के प्रति प्रतिबद्धता का परिणाम है।

उन्होंने सभी सम्मानित इकाइयों एवं अधिकारियों को बधाई देते हुए आशा व्यक्त की कि भविष्य में भी उत्तर प्रदेश पुलिस इसी प्रकार उत्कृष्ट कार्य करते हुए जनसेवा, कानून-व्यवस्था एवं तकनीकी नवाचार के क्षेत्र में नए मानक स्थापित करेगी।

यह उपलब्धि उत्तर प्रदेश पुलिस की कार्यकुशलता, पारदर्शिता एवं राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठा को और अधिक सुदृढ़ करती है।




SKOCH AWARD
Police & Safety


SKOCH AWARD
Police & Safety

| |
|---|
| दिनांक 20.01.2026 |
| प्रेस विज्ञप्ति 44/2026 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

## भ्रष्टाचार निवारण संगठन, उ0प्र0 की बरेली इकाई द्वारा की गयी ट्रैप की कार्रवाई

मा० मुख्यमंत्री उ0प्र0, **श्री योगी आदित्यनाथ जी** द्वारा भ्रष्टाचार के विरुद्ध **"जीरो टॉलरेंस"** की नीति तथा पुलिस महानिदेशक उ0प्र0, **श्री राजीव कृष्ण** के सख्त निर्देशों के अनुपालन में भ्रष्टाचार निवारण संगठन, उ0प्र0 द्वारा निरंतर प्रभावी एवं कठोर कार्रवाई की जा रही है।

उक्त निर्देशों के क्रम में आज दिनांक 20.01.2026 को **भ्रष्टाचार निवारण संगठन बरेली इकाई** द्वारा ओमप्रकाश निवासी ग्राम जखौरा जौहरपुर थाना फैजगंज बेहटा जनपद बदायूँ से वर्ष-2015 में आवंटित आवादी के प्लाट पर कब्जा दिलाने के एवज में अवैध धनराशि की मांग के सम्बन्ध में की गयी शिकायत पर निरीक्षक श्री इस्तियाक वारसी के नेतृत्व में फैजगंज बेहटा के बाहर नव निर्मित गौशाला के पास से **लेखपाल सतीश चन्द्र शर्मा (तहसील बिसौली)** पुत्र स्व0 कोकाराम शर्मा निवासी ग्राम नूरपुर पिनौनी थाना इस्लाम नगर जनपद बदायूँ को **05 हजार रूपये रिश्वत** लेते हुए गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

| |
|---|
| दिनांक 20.01.2026 |
| प्रेस विज्ञप्ति 45/2026 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

**<u>जनपद सीतापुर/थाना कोतवाली नगर</u>**

- **06 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी की घटनाओं का अनावरण**
- **चोरी की 02 लाख 90 हजार रूपये नगद**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस बरामद**

दिनॉकः 20.01.2026 को थाना कोतवाली नगर पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर गल्ला मण्डी के पीछे अर्द्धनिर्मित मकान से 06 अभियुक्तों 1–शादाब 2–शिवम उर्फ मामा 3–आशीष उर्फ पहाड़ी 4–मुकेश उर्फ अम्बानी 5–शिवम 6–वैभव उर्फ आदर्श ठाकुर को गिरफ्तार कर चोरी की घटनाओं का अनावरण किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से चोरी की 02 लाख 90 हजार रूपये नगद, 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस बरामद हुये।

उल्लेखनीय है कि थाना कोतवाली नगर क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात चोरों द्वारा चोरी की घटना कारित की गयी थी, जिसके सम्बन्ध में थाना कोतवाली नगर पर अभियोग पंजीकृत कर घटना के अनावरण के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद रूपये चोरी की घटनाओं से सम्बन्धित हैं। गिरफ्तार अभियुक्त मुकेश उर्फ अबानी के विरूद्ध जनपद सीतापुर के थाना कोतवाली नगर पर चोरी आदि के लगभग आधा दर्जन अभियोग, अभियुक्त शादाब के विरूद्ध जनपद सीतापुर के थाना कोतवाली नगर पर लूट, चोरी, हत्या का प्रयास, आबकारी एक्ट, आर्म्स एक्ट, गैंगेस्टर एक्ट आदि के लगभग 01 दर्जन अभियोग , अभियुक्त शिवम के विरूद्ध जनपद सीतापुर के थाना कोतवाली नगर पर चोरी आदि के 07 अभियोग व अभियुक्त शिवम उर्फ मामा के विरूद्ध जनपद सीतापुर के विभिन्न थानों पर चोरी आदि के कई अभियोग पंजीकृत हैं।

इस सम्बन्ध में थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—शादाब निवासी मछली मंडी थाना कोतवाली नगर जनपद सीतापुर।

2—शिवम उर्फ मामा निवासी कांशीराम कालोनी थाना रामकोट जनपद सीतापुर।

3—आशीष उर्फ पहाड़ी निवासी शिवालापुरवा रामलीला मैदान तरीनपुर थाना कोतवाली नगर जनपद सीतापुर।

4—मुकेश उर्फ अम्बानी निवासी घूरामऊ बंगला थाना कोतवाली नगर जनपद सीतापुर।

5—शिवम निवासी आलमनगर थाना कोतवाली नगर जनपद सीतापुर।

6—वैभव उर्फ आदर्श ठाकुर निवासी निकट ईदगाह तरीनपुर थाना कोतवाली नगर जनपद सीतापुर।

**बरामदगी**

1—चोरी की 02 लाख 90 हजार रूपये नगद।

2—01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस आदि।

**जनपद कुशीनगर/थाना खड्डा**

- **01 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **290 पेटी अवैध देशी शराब, 150 पेटी अवैध वीयर भिन्न—भिन्न ब्राण्ड की**
- **घटना में प्रयुक्त पिकअप वाहन बरामद**

दिनॉकः 19.01.2026 को थाना खड्डा पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर अभियुक्त प्रदीप को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से 290 पेटी अवैध देशी शराब, 150 पेटी अवैध वीयर भिन्न—भिन्न ब्राण्ड की, घटना में प्रयुक्त पिकअप वाहन बरामद हुये।

इस सम्बन्ध में थाना खड्डा पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—प्रदीप निवासी नौतार जंगल थाना हनुमानगंज जनपद कुशीनगर।

**बरामदगी**

1—290 पेटी अवैध देशी शराब, 150 पेटी अवैध वीयर भिन्न—भिन्न ब्राण्ड की।

2—घटना में प्रयुक्त पिकअप वाहन।

**जनपद सोनभद्र/थाना पिपरी**

- **01 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लगभग 82 लाख रूपये कीमत की 1019 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब**
- **01 मोबाइल फोन**
- **घटना में प्रयुक्त ट्रक आदि बरामद**

दिनॉकः 20.01.2026 को थाना पिपरी पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर अभियुक्त श्रवण कुमार को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही पर लगभग 82 लाख रूपये कीमत की 1019 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब, 01 मोबाइल फोन, घटना में प्रयुक्त ट्रक आदि बरामद हुये।

इस सम्बन्ध में थाना पिपरी पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—श्रवण कुमार निवासी रूपसर बलाड़ थाना फलसून्ड जनपद जैसलमेर राजस्थान।

**बरामदगी**

1—लगभग 82 लाख रूपये कीमत की 1019 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब।

2—01 मोबाइल फोन।

3—घटना में प्रयुक्त ट्रक आदि।

➢ **जनपद कुशीनगर/थाना तुर्कपट्टी (प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय द्वारा अभियुक्त को कठोर आजीवन कारावास की सजा व 05 लाख रूपये अर्थदण्ड)**

जनपद कुशीनगर पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय जनपद कुशीनगर द्वारा थाना तुर्कपट्टी पर पंजीकृत अभियोग में धारा 302/376ए भादवि के अन्तर्गत अभियुक्त छोटेलाल को कठोर आजीवन कारावास व 05 लाख रूपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई गयी।

➢ **जनपद सोनभद्र/थाना ओबरा (प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय द्वारा अभियुक्त को कठोर आजीवन कारावास की सजा व 01 लाख रूपये अर्थदण्ड)**

जनपद सोनभद्र पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय जनपद सोनभद्र द्वारा थाना ओबरा पर पंजीकृत अभियोग में धारा 5जी/6 पॉक्सो एक्ट के

अन्तर्गत अभियुक्त जलील मोहम्मद को कठोर आजीवन कारावास व 01 लाख रूपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई गयी।

- **जनपद गोरखपुर/थाना सहजनवां (प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय द्वारा 02 अभियुक्तो को आजीवन कारावास की सजा व 50–50 हजार रूपये अर्थदण्ड)**

जनपद गोरखपुर पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय जनपद गोरखपुर द्वारा थाना सहजनवां पर पंजीकृत अभियोग में धारा 302/34 भादवि के अन्तर्गत अभियुक्त 1–सर्वजीत 2–नन्दन कुमार को आजीवन कारावास व 50–50 हजार रूपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई गयी।

———————